शिक्षकों की कमी होगी दूर. बीपीएससी को भेजी गयी है अधियाचना

सरकारी इंजीनियरिंग व पॉलिटेक्निक कॉलेजों में 2222 शिक्षक होंगे नियुक्त

अवसर

संवाददाता, पटना

राज्य के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों व सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को दूर किया जायेगा. खाली पदों पर जल्द ही बहाली की प्रक्रिया शुरू की जायेगी. इसके लिए विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग ने तैयारी कर ली है. सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में 2222 शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग को भेजी है. इसमें प्राचार्य के 32, प्राध्यापक के 168 पद, सह प्राध्यापक के 429 पद एवं सहायक प्राध्यापक के 1593 पद शामिल हैं. इन 2222 पदों के लिए बीपीएससी को अनुशंसा भेजी गयी है.

790 पदों में से 515 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया हो गयी है पूरी

पदों पर एक नजर

- प्राचार्य के 32 पद
- प्राध्यापक के 168 पद
- सह प्राध्यापक के 429 पद
- सहायक प्राध्यापक के 1593 पद

नियुक्ति प्रक्रिया हो गयी है पूरी

इससे पहले विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग ने बीपीएससी को कुछ सीटों के लिए अनुशंसा भेजी थी. 790 पदों पर नियुक्ति के लिए बीपीएससी की अनुशंसा मिल चुकी है. बीपीएससी की ओर से 515 पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है. बाकी अन्य अधियाचित पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है. बीपीएससी ने कहा कि कुछ सीटों पर बहाली प्रक्रियाधीन है. सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में पूर्व से कुल 337 सीटों पर नियुक्ति के लिए बीपीएससी को भेजी जा चुकी है, जिसमें प्राचार्य के 25 एवं विभागाध्यक्ष (यांत्रिकी अभियंत्रण) के कुल 35 अधियाचित पदों पर नियुक्ति के लिए बीपीएससी द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया संपन्न कर ली गयी है. वहीं, व्याख्याता के कुल 790 पदों पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा हो चुकी है. शेष अधियाचित पदों पर नियुक्ति के लिए कार्रवाई प्रक्रियाधीन है. वहीं, सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में पूर्व से कुल 441 नियमित शिक्षक कार्यरत हैं.

एसएससी : कॉन्स्टेबल की पीइटी व पीएसटी 15 को

पटना. एसएससी ने जीडी कॉन्स्टेबल के 5017 पदों पर भर्तियां के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का रिजल्ट अब तक जारी नहीं किया गया है. इससे पहले ही एसएससी ने पीइटी और पीएसटी का शेड्यूल जारी कर दिया है. पीइटी और पीएसटी का आयोजन 15 अप्रैल को किया जायेगा व इसका एडमिट कार्ड वेबसाइट पर परीक्षा से एक सप्ताह पहले जारी कर दिया जायेगा. तिथि जारी होने के बाद से अब एसएससी कभी भी रिजल्ट जारी कर देगा. अभ्यर्थी वेबसाइट ssc.nic.in पर जाकर देख सकते हैं. इस भर्ती के माध्यम से 5017 पदों पर भर्तियां की जायेंगी. लिखित परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को पीइटी और पीएसटी के लिए बुलाया जायेगा. फाइनल रिजल्ट तीनों परीक्षाओं के अंकों को मिलाकर जारी किया जायेगा. चयनित होने वाले अभ्यर्थियों की नियुक्तियां आइटीबीपी, बीएसएफ, सीआइएसएफ सहित अन्य आर्म्ड फोर्स में की जायेंगी. जीडी कॉन्स्टेबल की लिखित परीक्षा में करीब 40 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे.